पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने भेंट की

लखनऊः 09 जून, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज यहां राजभवन में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री, श्री पीयूष गोयल ने शिष्टाचारिक भेंट की।

मुलाकात के दौरान राज्यपाल और ऊर्जा मंत्री के बीच प्रदेश की बिजली समस्या के संबंध में चर्चा हुई। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने बताया कि आज प्रदेश के मुख्यमंत्री, श्री अखिलेश यादव से भी उनकी मुलाकात प्रस्तावित है। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि केन्द्रीय मंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के बीच आपसी विचार विमर्श निश्चित रूप से प्रदेश की विद्युत समस्या को लेकर लाभदायी होगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष प्रदेश में बिजली समस्या को लेकर राज्यपाल ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री की भेंट तय करायी थी ताकि प्रदेश की जनता को विद्युत समस्या को लेकर कोई कठिनाई न हो।